# हिमाचल के विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम युग : जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
केंद्र में मोदी सरकार के सफल 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा शिमला संसदीय क्षेत्र के व्यापारी सम्मेलन का आयोजन वाइब्रेशन हाल गंज बाजार में हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्यतिथित के रूप में उपस्थित रहे और उनके साथ सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रत्याशी संजय सूद, रवि मेहता,प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, जिला अध्यक्ष विजय परमार, मंडल अध्यक्ष राजेश शारदा विशेष रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा व्योपार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रमेश चौजड द्वारा की गई।
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में



देश में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से हिमाचल प्रदेश भी इस विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दायित्व सम्भालने के बाद जब जापान गये तो उन्होंने भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाने का सपना देखा। आज भारत में 20 से ज्यादा हाई स्पीड बुलेट ट्रेन चल रही हैं।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज अगर सरकार एक रुपया भी देश के आम आदमी कि लिये भेजता है तो वह पूरा 1 रुपया लाभार्थी को मिलता है। आज बिचौलियों का खेल खत्म हो गया है। यह जनधन खातों की मदद से संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि देश में अटकाने, भटकाने और लटकाने की संस्कृति खत्म कर दी है। अब जो काम शुरू किए जाते हैं, वे निर्धारित समय में पूरे भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पिछले पाँच साल हिमाचल विकास में मील का पत्थर साबित हुई है। हमने शिमला में पानी की समस्या को हल किया, सडके चौड़ी की। जहां संभव हुआ पार्किंग बनवाई, टनल्स और लिफ्ट बनवाए। कांग्रेस सरकार ने हर जगह पर विकास कि कार्य ठप कर दिये। गारंटियों के बारे में अब कोई बात नहीं कर रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। ऐसी घटनाएं घट रही है जो आज तक हिमाचल में नहीं हुई।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू खुलेआम कहते हैं हमने 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराया है। उसका परिणाम सामने हैं। चम्बा में युवक को आठ टुकड़ों में काट कर फेंक दिया जाता है। हमने एनआईए जाँच की माँग की है। सरकार मामले की एनआईए जाँच करवाए। मुख्यमंत्री बार.बार पूछ रहे हैं कि भाजपा विरोध क्यों कर रही है ए हिमाचल में क्राइम हुआ है तो हम विरोध भी ना करें। डीजीपी छुट्टी पर है पर डीजीपी का चार्ज किसको दिया पता है। पुलिस के अधिकारी राजनीतिक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में हर काम में पारदर्शिता आई है। किसी भी काम में एक पैसे की शिकायत आज तक नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनपर देश के लोग सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता फिर से प्रधानमंत्री को भारी बहुमत से तीसरी बार सेवा का अवसर देगी।

## जिला स्तरीय सार्वजनिक वितर[illegible] समिति व सतर्कता समिति की बैठक आयोजित



**उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की अध्यक्षता**
**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति तथा जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य करने और इससे जुड़ी लोगों की समस्याओं को शीघ्र निपटारा करने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं के वितरण की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न वस्तुओं की गुणवत्ता का निरीक्षण करें ताकि आम लोगों को उचित गुणवत्ता की खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।
उन्होंने निश्चित अवधि में उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने बताया कि जिला में कार्यरत 510 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जा रहा है।

## चंबा हत्याकांड पर उबला जिला सिरमौर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
चंबा जिला के सलूणी उपमंडल के किहार क्षेत्र में युवक मनोहर की निर्मम हत्या के विरोध में भाजपा ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में सिरमौर भाजपा की ओर से भी जिला मुख्यालय नाहन में विरोध प्रदर्शन किया। उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया, वहीं चंबा प्रशासन ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल को पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया था। जिसके चलते पुरे प्रदेश में भाजपा सडकों पर उतर आई। मनोहर हत्याकांड को लेकर हिमाचल प्रदेश में अब सियासत भी गरमा गई है मामले को लेकर आज सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अगुवाई में सडकों पर उतरे प्रदर्शन के बाद बीजेपी कार्यकताओं ने एडीसी सिरमौर के जरिए राज्यपाल हिमाचल को ज्ञापन भेजा।मीडिया से



बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मामले को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनहीन है जबकि यह मामला हिमाचल की संस्कृति पर एक बहुत बड़ा कुठाराघात है। बिंदल ने कहा कि जिस तरह की गंभीरता प्रदेश सरकार को इस मामले को लेकर लेनी चाहिए वह नजर नहीं आ रही है वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के ही कई मंत्रियों को इस मामले में अभी भी जानकारी नहीं है जो बेहद हैरान करने वाली बात है। डॉ राजीव बिंदल ने यह भी कहा कि आरोपी व्यक्ति जिसने अतीक जैसा साम्राज्य खड़ा किया है उसकी जांच गंभीरता से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरोपी व्यक्ति करोड़ों की संपत्ति का मालिक है और अवैध तरीके से कई बीघा भूमि पर कब्जा किया है ऐसे में आरोपी व्यक्ति का क्या बैकग्राउंड है इसकी जांच बेहद गंभीरता से होनी चाहिए।

## जिला स्तर पर एफ सीए मामलों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला में कार्यान्वित होने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं के तहत एफ सीए वन संरक्षण अधिनियम अनुमति मामलों की प्रगति को लेकर शनिवार को बचत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने मामलों का समयबद्ध तौर पर समाधान सुनिश्चित बनाने को लेकर कहा कि चूंकि विकास परियोजनाएं लोगों की सुविधा के दृष्टिगत तैयार की जाती हैं । ऐसे में सभी अधिकारियों.कर्मचारियों का निष्ठा एवं आपसी समन्वय के साथ जल्द कार्य पूर्ण करने का दायित्व भी बनता है। अंतर विभागीय समन्वय आधारित कार्य गतिविधियों की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपूर्व देवगन ने एफसीए स्वीकृति मामलों में उपयोगकर्ता एजेंसियों को विभिन्न स्तरों पर लगने वाली आपत्तियों के शीघ्र समाधान को लेकर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के विभिन्न मंडलों के अधिशासी अभियंताओं को संबंधित वन मंडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक कर प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा।बैठक में विभिन्न विषयों पर समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कंप्रोमाइज रीच के आधार पर संबंधित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए।

## कोटरोपी में 5 साल बाद सडक पर टारिंग, धूल मिट्टी से मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी-पठानकोट एनएच में कोटरोपी घटनास्थल पर कच्ची सडक पांच साल बाद काली दिखना शुरू हुई है। यहां एनएचएआई ने सडक को पक्का करने के लिए टारिंग कार्य शुरू कर दिया है। जिससे लोगों को धूल मिट्टी के साथ साथ हिचकोलों से निजात मिलने लगी है। अब सडक किनारे ड्रेन और कलवर्ट आदि खोलने का कार्य शेष रह गया है। जिसके लिए एनएचएआई ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। शीघ्र ही बंद पड़ी नालियों और कलवर्ट आदि को



पानी की निकासी के लिए बहाल करने का कार्य शुरू किया जाएगा। खस्ताहाल एनएच को लेकर प्रमुखता से मामला उठाया था। जिसके तुरंत बाद एनएचएआई ने हरकत में आते हुए यहां घटनास्थल पर कच्ची सडक को टारिंग करने का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही कोटरोपी-चुक्क-खजरी सडक के चौक से एनएच की वषार्शालिका तक सडक में पड़े गड्ढों का पैचवर्क भी शुरू कर दिया गया है। जबकि बाइंनाला में नए बनाए गए स्लैब कलवर्ट की सीमेंट कंक्रीट से फिलिंग की जाएगी। इसके अलावा बरसात को मध्यनजर रखते हुए एनएच की नालियों को पानी की निकासी के लिए दरुस्त करने की मुहिम भी शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि 12 अगस्त, 2017 की मध्य रात्रि को कोटरोपी रवा का पहाड़ दरकने से बहुत बड़ी त्रासदी घटित हुई थी।

### न्यूज फ्लैश

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने एनआईटी में आयोजित की हिंदी कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), क्षेत्रीय कार्यालय शिमला के अधीन कार्यरत उप क्षेत्रीय कार्यालय, हमीरपुर ने शनिवार को एनआईटी परिसर में त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला आयोजित की।उप निदेशक सुधीर कुमार ने बताया कि हिंदी के प्रति जागरुकता फैलाने एवं कार्यालय उपयोग में हिंदी में कार्य करने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। एनआईटी परिसर में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय क्षेत्र संकार्य प्रभाग क्षेत्रीय कार्यालय शिमला के उप महानिदेशक अल्ताफ हुसैन हाजी ने कहा कि हिंदी की उपयोगिता निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में हिंदी के प्रयोग हेतु सरकार द्वारा लागू धाराओं, नियमों इत्यादि पर चचाएं की गई। इस अवसर पर नितिन पालीवाल ने हिंदी के सरल एवं गुणात्मक उपयोग संबंधी विशेष तौर पर सूचना प्रौद्योगिकी के नवीनतम टूल्स, गूगल लेंस व गूगल डॉक्स पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उप महानिदेशक ने ई-ऑफि स के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें नई फ इल बनाना, उसमें मसौदा लिखना, टिप्पण व प्रारूप लेखन, फाइल को आगे भेजना और अन्य प्रक्रियाओं से अवगत करवाया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय कार्यालय शिमला व उप क्षेत्रीय कार्यालयों हमीरपुर, मंडी, धर्मशाला से आए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों, क्षेत्रीय प्रवेक्षक व क्षेत्रीय प्रगणकों के अलावा स्थापना अनुभाग के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

## भंगरोटू में चालकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मण्डी कृष्ण चंद की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा की बैठक ट्रक यूनियन भंगरोटू के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें ट्रक यूनियन के प्रधान, परिचालक व चालक एवं टैक्सी यूनियन के प्रधान व अन्य टैक्सी प्रचालकों व चालकों को सडक सुरक्षा के दिशा निर्देश व नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कृष्ण चंद द्वारा सभी को सडक सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई और सभी प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के सडक चिन्हों, सडक सुरक्षा नियमों, सडक सुरक्षा सम्बंधित सावधानियां एवं उपाय, सडक सुरक्षा हेतु वाहनों का उचित रखरखाव एवं ईंधन की बचत हेतु, निर्धारित गति सीमा में गाडी को चलाने बारे,सडक दुर्घटना में घायल लोगों की मदद, नेक व्यक्ति बनने बारे सर्म्बधित जानकारी, नशा करके गाड़ी न चलाने बारे सीट बेल्ट लगाने, गति सीमा के अंदर गाड़ी चलाने बारे, लाल की पार न करने बारे, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने बारे हेलमेट पहनने इत्यादि बारे में जागरूक किया।

## सिरमौर में 19 से 26 जून तक नशे के खिलाफ चलेगा विशेष अभियानः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 19 जून से 26 जून तक विशेष जागरूगता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत जहां प्रभात फेरियों का आयोजन होगा वहीं शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम किये जायेंगे। इस अभियान का उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ समाज में जागरूकता उत्पन्न करना है। सहायक आयुक्त सिरमौर विवेक शर्मा ने यह जानकारी नाहन में



कल्याण विभाग द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 19 जून को शपथ और प्रभात फेरी आयोजित की जायेगी जिसमें शिक्षा विभाग के अलावा युवा सेवायें एवं खेल विभाग, पंचायती राज संस्थान, महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग भाग लेंगे। 20 जून को भाषण, पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिसमें शिक्षण संस्थान, आंगबाड़ी और आशा वर्कर हिस्सा लेंगे। 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।उन्होंने कहा कि 22 जून को विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ नशे के दुष्परिणामों और रोकथाम पर चर्चा होगी। इसी प्रकार 23 जून को पंचायत स्तर पर भांग, अफ ीम के पौधे उखाड? का अभियान चलाया जायेगा जिसमें पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी और आर्शा कार्यकर्ता शामिल होंगे।24 जून को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर चर्चा-परिचर्चा की जायेगी, 25 जून को नशामुक्त भारत अभियान के तहत गृह भ्रमण के माध्यम से जारूगता लाई जायेगी। 26 जून को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर इस अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सहायक आयुक्त ने सभी सम्बन्धित विभागों से इस जागरूकता अभियान में बढ़-चढकर भाग लेने का आग्रह करते हुए इस अभियान को सफल बनाने का निवेदन किया है।सहायक आयुक्त ने बताया कि डा. यशवंत सिंह परमार मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में दिशा केन्द्र प्रारम्भ किया गया है जहां पर नशे की लत वाले लोगों विशेषकर युवाओं को काउंसलिंग के लिए लाया जा सकता है।

## गायक वंदना ने मधुर आवाज से किया माता का गुणगान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल बंगाणा के एक निजी होटल में शनिवार रात भव्य जागरण का आयोजन किया गया। विशाल जागरण में हिमाचल की बुलंद आवाज वंदना धीमान ने अपनी मधुर आवाज से मातारानी का गुणगान किया। जागरण शुरू होने से पूर्व जागरण के आयोजक अशोक सोनी एवं सोनी परिवार की तरफ से गायका वंदना धीमान को सम्मानित किया गया। जागरण में माता तेरे कुंडलुया बाल, बाबे दा चिमटा कित्थे बजेया व मेले जाना कालका दे आदि भजनों से समय बांधा।

## झलेड़ा में कार ने मारी स्कूटी को टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सदर थाना ऊना के तहत झलेड़ा में एक तेज रफ्तारी कार ने आगे चल रही स्कूटी को टक्कर मार मौके से फरार हो गया। हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने हादसे के संबंध में अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रोबिन निवासी झलेड़ा शनिवार रात्रि



को स्कूटी पर सवार होकर ऊना से अंब की ओर जा रहा था। झलेड़ा पहुंचने पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तारी कार ने स्कूटी को टक्कर मारते हुए कुछ दूरी तक घसीटते हुए ले गया और मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल रोबिन को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर रोबिन का उपचार जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अमृत सरोवर से 100 बीघा जमीन को मिली सिंचाई की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
करसोग के भंडारनू में बिमला खड्ड पर भू-संरक्षण विभाग द्वारा निर्मित अमृत सरोवर किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस अमृत सरोवर के निर्माण से जहां किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई है वहीं यह सरोवर लुप्त हो रहे प्राकृतिक जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने में भी सहायक सिद्ध होगा।जल से कृषि को बल वित्त पोषित योजना के तहत निर्मित किए गए इस सरोवर की लंबाई 16.20 मीटर और ऊंचाई 2.10 मीटर है। सरोवर को लगभग 4 लाख 30 हजार रुपए की धन-राशि व्यय कर बनाया



गया है। अमृत सरोवर का कुल क्षेत्रफ ल लगभग 0.15 एकड़ है। इसका निर्माण अमृत सरोवर अभियान के अन्तर्गत किया गया है। अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश में कुल 1,800 अमृत सरोवर बनाए जाने प्रस्तावित हैं, इनमें से लगभग 760 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष बचे अमृत सरोवरों को 15 अगस्त, 2023 तक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
इसके दृष्टिगत ही भू-संरक्षण विभाग द्वारा करसोग के भंडारनू में बिमला खड्ड पर इस अमृत सरोवर को बनाया गया है। अमृत सरोवर से क्षेत्र की लगभग 100 बीघा जमीन को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई है। अत्यधिक गर्मी अथवा सूखे की स्थिति में किसान इस सरोवर में एकत्रित पानी का प्रयोग खेतों को सिंचित करने के लिए कर सकेंगे। बिमला खड्ड पर बनाए गए इस सरोवर से बहाव के आधार पर खेतों को सिंचित करने वाली सिंचाई कूहल से जोड़ा गया है।
कूहल के माध्यम से किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए निरतंर पानी उपलब्ध होगा। किसान इस सरोवर के पानी का उपयोग कर अपने खेतों में नगदीं फसलें उगाकर, अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकते है। सरोवर में सोलर वाटर लिफ्टिग इरिगेशन का भी प्रावधान है। सरोवर के साथ लगते क्षेत्र में किसान खेतों को सिंचित करने के लिए निजी तौर पर सोलर वाटर लिफ्टिग सिस्टम लगा खेतों की सिंचाई कर सकते है। इस सरोवर पर लगभग 5 सोलर वाटर लिफ्टिग सिस्टम स्थापित किए जा सकते है।


**OFFICE OF THE DEPUTY DIRECTOR ANIMAL HEALTH/ BREEDING MANDI DISTT. MANDI H.P.**

**AUCTION NOTICE**

Notice is hereby given that the unsafe **building of Class IV and Pharmacist residence at Sub Divisional Veterinary Hospital Gohar,Tehsil, Chachiot, District Mandi H.P.) ( Consisting of one room and attached kitchen of Class IV & one room and kitchen of Class IV Residence &Consisting of two rooms with verandah of Pharmacist residence)** will be dismantled as is and where in basis. The interested parties are hereby invited to attend the auction and offer the bid(s) as per terms and conditions detailed below on **dated 26/07/2023 at 11:00 AM.** The building can be seen at the site on any working day during working hours 10.00 AM to 4.00 PM with **the permission of the O/O Veterinary Department Gohar District Mandi HP.**

**TERMS AND CONDITIONS:-**

1. Entire cost of dismantling is to be borne by the successful Bidder/Contractor and the serviceable material so received after dismantling will also be of the contractor. Site is to be made clear up to ground level with in a period of one month.
2. All the bidders shall deposit Rs.10, 000/-(Rs. Ten Thousand) only, in cash, as security before the auction starts. This amount will be returned to the un-successful bidders on the spot after auction is over.
3. The highest bidder(s) shall be required to deposit 25% amount of the bid at the fall of hammer including Rs.10, 000/-already deposited as security and the remaining amount shall have to be deposited before starting the work of dismantling.
4. In addition to above, the successful bidder(s) shall have to deposit/furnish an amount of Rs.10, 000/-(Rs.Ten Thousand) only in the form of an Account Payee Demand Draft /Fixed deposit Receipt (FDR) duly pledged in the name of Undersigned Mandi or Bank Guarantee from a commercial bank, as the case may be, in an acceptable form, as Performance Security, Which shall be forfeited in case of not clearing the site up to the satisfaction of the undersigned. FDR or Bank Guarantee should be valid at least for six months from the date of start of dismantling work.
5. The above said buildings are being offered for auction as is and where in basis. The transportation charges will be the responsibility of the bidders.
6. In case of any dispute relating to the sale of building material, the decision of the auction committee at the spot, will be final.
7. The successful bidder shall not be allowed to lift the material unless he has deposited full amount of the bid and taxes payable thereon as per rule.
8. The committee reserves the right to accept/reject the bid without assigning any reason thereon.
9. The successful bidder(s) shall be liable to lift the material within 30 days from the date of receipt of award letter. In case the successful bidder(s) failed to lift the material within this stipulated period, the undersigned reserves the right to forfeit the whole of the amount already deposited by the bidder(s) or charge ground charges at the rate of Rs.2000/- per day. Performance Security may also be forfeited.
10. The department shall not be responsible for any damage/ loss/theft of auctioned building material.
11. The dumping site will be arranged by the Contractor/successful bidder.
12. The site must be clear and clean from all dismantled and salvage material up to ground level for the purpose of construction of new building.
13. In case it happens to be a Public holiday on the day fixed for bid, the auction shall be held on subsequent working day.

Deputy Director,
Animal Health/ Breeding
Mandi, District Mandi (HP)

RO No. 1214/2023-2024

# मुख्यमंत्री से मिले भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष रवि कुमार दलित, मनोहर के हत्यारों के लिए की फांसी की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

चंबा के सलूणी में हुए हत्याकांड ने पूरे हिमाचल को हिला कर रख दिया है। जिसके बारे कोई सोच भी नही सकता, उससे खतरनाक तरीके से सलूणी के मनोहर की हत्या की है। जिसके चलते आजकल पूरे प्रदेश में सियासी और सामाजिक स्तर पर लोग मनोहर के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग कर रहे है।

आज इसी कड़ी में भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष रवि कुमार दलित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से मुलाकात की और ज्ञापन देकर मनोहर के हत्यारों के लिए फांसी की सजा और परिजनों को एक करोड़ रुपया मुआवजा देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि चम्बा की सलूणी तहसील के भांदल पंचायत में मनोहर नाम के



एक दलित युवक की नृशंस हत्या करके शव के 8 टुकड़े किये गये हैं जो मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। प्रदेश सरकार को इस विषय पर कड़ी संज्ञान लेने की अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों के खिलाफ फ स्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चला कर आरोपियों को जल्द से जल्द फ ांसी की सजा दी जाए। रवि कुमार दलित ने कहा कि उस परिवार में कमाने वाला वो एक ही व्यक्ति था उसके परिवार का भरण पोषण उसके द्वारा ही हो रहा था। 21 वर्ष की उम्र में किसी परिवार के एकमात्र सहारा छीन जाना, उस परिवार के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। रवि कुमार दलित ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की कि उस परिवार को जीवनयापन के लिए व सामाजिक सुरक्षा के लिए 1 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की जाए। 21 साल के मनोहर लाल का दूसरे धर्म की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके बाद 6 जून को युवक के लापता होने का मामला सामने आया। इस पर जब हिमाचल पुलिस ने गश्त कीए तो युवक का शव नाले से बरामद किया गया। मनोहर का शव आठ टुकड़ों में बरामद किया गया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने युवती के परिवार से पूछताछ शुरू कर दी। जांच में पता लगा कि मनोहर लडकी के भाइयों के गुस्से का शिकार हो गया। पुलिस को उसके सिरए पैर और हाथ के अलावा शरीर के अन्य हिस्से मिले हैं और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं जांच में सामने आया कि पेड़ काटने के कटर से मनोहर का शरीर काटा गया है।

तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी में सुनी मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर /विवेकानंद वशिष्ठ**

इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी नई दिल्ली में शी-रिप्रेजेंट्स कार्यक्रम-2023 का आयोजन हुआ जिसमें देशभर के 15 राज्यों से आई हुई 54 महिलाओं के साथ हमीरपुर जिला से मन की बात कार्यक्रम की संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री उषा बिरला ने भी शिरकत की। राजधानी दिल्ली में मन की बात कार्यक्रम को अन्य महिलाओं के साथ सुनी। विदित रहे कि मन की बात कार्यक्रम का ये 102वां प्रसारण था। यह कार्यक्रम महीने के आखिरी रविवार को होता है लेकिन इस बार ये आज 18 जून को ही किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर मन की बात हर महीने के आखिरी रविवार को आपके पास आती है, लेकिन इस बार यह एक हफ्ते पहले हो रही है। मोदी ने आगे कहा, आप सभी जानते हैं, मैं अगले हफ्ते अमेरिका में रहूंगा और वहां कार्यक्रम काफ ी व्यस्त होने वाला है और इसलिए मैंने सोचा कि मैं



जाने से पहले आपसे बात कर लूं, इससे बेहतर क्या हो सकता है। बिपरजॉय तूफान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो-तीन दिन पहले हमने देखा कि देश के पश्चिमी हिस्से में कितना बड़ा चक्रवात आया। तेज हवाएं, भारी बारिश कच्छ में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय ने भारी तबाही मचाई हैए लेकिन कच्छ के लोगों ने जिस साहस और तैयारी के साथ इतने खतरनाक चक्रवात का मुकाबला किया, वह भी उतना ही अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, कभी दो दशक पहले आए विनाशकारी भूकंप के बाद कच्छ को कभी न उबर पाने वाला कहा जाता था, आज वही जिला देश के सबसे तेजी से विकास करने वाले जिलों में से एक है। मुझे विश्वास है कि कच्छ के लोग बिपरजॉय चक्रवात से हुई तबाही से तेजी से उभरेंगे। मोदी ने कहा, भारत ने संकल्प किया है 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का। लक्ष्य बहुत बड़ा जरूर है, एक समय था जब टीबी का पता चलने के बाद परिवार के लोग ही दूर हो जाते थे, लेकिन ये आज का समय है, जब टीबी के मरीज को परिवार का सदस्य बनाकर उनकी मदद की जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### मंदिरों में ई-कनेक्टिविटी सुविधा और सौन्दर्यीकरण से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

देवभूमि के रूप में प्रख्यात हिमाचल प्रदेश में धार्मिक, साहसिक और प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पहाड़, झीलें, नदियां और मनभावन वादियां प्रदेश के नैसर्गिक सौन्दर्य को विश्वभर में अलग पहचान दिलाती हैं। विविध सांस्कृतिक विरासत और भव्य मंदिर यहां के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करते हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अवसरों और संसाधनों के उपयोग के लिए राज्य सरकार ने अनेक नवोन्मेषी प्रयास किये हैं। प्रदेश के शक्तिपीठ हर वर्ष लाखों भक्तों को आकर्षित करते हैं। सरकार ने अब प्रदेश के प्रमुख मंदिरों को ई-कनेक्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की हैए जिससे भक्तों को घर बैठे ही दर्शन की सुविधा सुनिश्चित होगी।

ऊना जिले के प्रसिद्ध माता चिंतपूर्णी मंदिर से शुरूआत करते हुए, अब सरकार ने प्रदेश के मंदिरों और शक्तिपीठों में हवनए भंडारा और जागरण समारोहों के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की है। इस उद्देश्य के लिए सॉफ्टवेयर के विकास का कार्य चल रहा है।इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रद्धालु मंदिर के पुजारियों से जुड़ सकेंगे, अनुष्ठानों के लिए बुकिंग कर सकेंगे और ऑनलाइन भुगतान भी कर सकेंगे। सॉफ्टवेयर भक्तों को विशेष पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त भी प्रदान करेगा। प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से श्रद्धालुओं को बेहतरीन आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा। यह तकनीकी प्रयोग हर क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का सदुपयोग करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। तीर्थयात्रियों के अनुभव को और सुखद बनाने के लिए सरकार प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी कार्य कर रही है। ऐसा ही एक उदाहरण हमीरपुर जिले में स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर हैए जो दियोटसिद्ध के नाम से प्रसिद्ध है। चकमोह गांव में एक पहाड़ी की चोटी पर प्राकृतिक गुफा में स्थित यह मंदिर लाखों भक्तों के लिए महत्त्व रखता है। क्षेत्र में आगंतुकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने बाबा बालकनाथ मंदिर में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के सुधार के लिए 65 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एशियाई विकास बैंक द्वारा स्वीकृत इस राशि का उपयोग मंदिर परिसर के भीतर सौर स्ट्रीट लाइट लगाने और मंदिर की ओर जाने वाली सडकों और रास्तों की मरम्मत के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्राम कक्षों, वर्षा शालिकाओं व शौचालयों का निर्माण किया जाएगा।

### लुहरी जल-विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की 9वीं बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

इस बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी प्रशान्त सरकैक ने पूर्व में हुई बैठक मे प्रेषित विभिन्न मदों जिनमें मकानहीन प्रभावितों को मकान निर्माण हेतु चिन्हित भूमि शीघ्र उपलब्ध करवाना, देहरा व नित्थर पंचायत के लिए पेयजल योजना का निर्माण शीघ्र कराना, परियोजना में जो रास्ते टूटे हैं वहां सडक का निर्माण जल्दी करवाना, श्मशान घाट का निर्माण करवाना,परियोजना में लोगों को रोजगार देना, प्रदूषण से फसलों को होने वाले नुकसान बारे मुआवजा देना तथा अन्य मद्दों पर भी बैठक में जानकारी दी। सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा लुहरी परियोजना के प्रभावितों को जो भी उपयुक्त मुआवजा इत्यादि देना है या किसी का मकान आदि बारे में मकान अगर उजड़ गया है तो बनाने बारे या उसके लिए धन शीघ्र उपलब्ध करवाने व इस परियोजना से प्रभावित परिवारों को रोजगार व वितिय सहायता जल्दी से जल्दी दिलाने बारे आग्रह किया। उपायुक्त कुल्लू ने उपमण्डल अधिकारी मनमोहन सिंह को निर्देश दिये कि 10 जुलाई, 2023 तक सभी लोगों के दस्तावेज व अन्य कोई भी कार्यवाही जो लम्बित है को पूर्ण कर उपायुक्त कार्यालय में जमा करवा दें।

# मेगा मेडिकल चेकअप कैंप 20 को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गुरदेव सुपर स्पेलिस्ट अस्पताल नूरपुर बेदी पंजाब व हरोली ब्लॉक इंड्रस्टी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में मेगा मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल ने बताया कि 20 जून को बाथू के राजीव गांधी कॉमन फेसिल्टी सेंटर में मेगा मेडिकल चेकअप लगाया जा रहा है। जिसमें हर प्रकार की बीमारी का मुक्त चेकअप किया जाएगा और एसोसिएशन की ओर से मुक्त दवाई भी वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कैंप में गुरदेव अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। राकेश कौशल ने बताया कि शिविर में गाईनी, थाइराइड, कोक्यिर इंपलांट सर्जन, प्रो. आफ जर्नल एंड गैस्ट्रो सर्जरी, न्यूरोसाइकैट्रिस्ट, चाइल्ड एंड एडोल्सेंट साइकैट्रिस्ट, डरमैटोलॉजी एंड कोसमैटोलॉजी, आथोपैंडिक्स एंड स्पाइन सर्जरी, पीडियाट्रिक्स एंड न्यलैटोलॉजी, जनरल मेडिसन एंड कार्डियोलॉजी, डेंटल एंड ओरल केयर व साइकोथैरेपिस्ट एंड बल्ड शुगर सहित हृदय रोग जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। एसोसिएशन के सचिव रोहित वर्मा ने बताया कि पहले भी एसोसिएशन द्वारा रक्तदान का शिविर लगाया गया था। उन्होंने लोगों से आहवान किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मेडिकल कैंप का फायदा उठाएं।

# उपायुक्त ने गुड गवर्नेन्स इंडेक्स से सम्बंधित बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने आज गुड गवर्नेन्स इंडेक्स वर्ष 2022 से सम्बंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होनें सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी विभाग के आंकड़ों को दर्ज करने में कोई त्रुटि पाई जाती है तो इसे तुरन्त दुरुस्त करके सांख्यिकी विभाग को प्रेषित करें ताकि वर्ष 2022 के किए इसका प्रकाशन किया जा सके। ताकि सूचना को संकलित करके प्रकाशन हेतु आर्थिक सलाहकार हिमाचल प्रदेश को शीघ्र भेज सकें। उपायुक्त ने बताया कि जिले के विभिन्न



विभागों की इंडेक्स सम्बंधित आंकड़े त्वरित रूप से सांख्यिकी विभाग के पास संकलित करने के उद्देश्य से डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स ड़ीजीजीआई सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जो आरम्भिक तौर पर हिमस्वान के माध्यम से चलाया जाएगा। उन्होंने डीजीजीआई सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले समस्त विभागों द्वारा विभिन्न सूचकांको से सम्बंधित आंकड़े सांख्यिकी विभाग के पास कागजो के माध्यम से जाते थे, जिसे सांख्यिकी विभाग द्वारा वार्षिक अवधि में संकलित किया जाता था, परन्तु इस डीजीजीआई सॉफ्टवेयर के संचालन से अब यह डाटा ऑनलाइन वर्ष में कभी भी अपडेट किया जा सकेगा तथा राष्ट्रीय मानकों के संदर्भ में इनका मूल्यांकन करने में भी आसानी होगी।उपायुक्त ने जानकारी दी कि इसी वर्ष में इस सॉफ्टवेयर के लिए अलग डोमेन का पंजीकरण भी किया जाएगा ताकि यह अधिक कुशलता से कार्य कर पाए। बैठक में सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, डीएफ ओ हेडक्वार्टर शशि किरण, जिला इंफ ॉर्मेटिक्स अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने शनिवार को जिला परिषद हॉल में आयोजित पैराग्लाईडिंग, राफ्टिंग तथा ट्रैकिंग की नियामक समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी लोग अपनी-अपनी साईट पर लॉगबुक रखें व पर्यटकों की एन्ट्री करें और जो इन्श्योरैन्स सही तरीके से नही हो रही है उस मामले को भी प्रदेश सरकार को दोबारा से भेज दिया जायेगा ताकि अगर कोई दुर्घटना हो तो उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी एजेसिंयो के लोगों



की समस्याओं से प्रदेश सरकार को अवगत कराने व उनके उचित समाधान का भी आश्वासन दिया।उन्होंने जानकारी दी कि विभाग द्वारा एक फ्लाईंग स्क्वैड बनाया जायेगा जो साहसिक गतिविधियों के आयोजन स्थलों का दो-दो सप्ताह बाद औचक निरिक्षण करेगा और नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही कर उनका चालान किया जायेगा।जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा बताया कि जिला में साहसिक गतिविधियों के दौरान हो रहे हादसों को रोकने के लिये सभी को नियमों का पालन करना जरूरी है, जैसे कि पैराग्लाईडिंग या ट्रैकिंग करते समय सभी को व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से मौसम की जानकारी देना, राफ्टिंग करते समय समूह मे राफ्टिंग करवाना ताकि अगर कोई दूर्घटना हो तो एक दूसरे की सहायता कर सके। पैराग्लाईडिंग की सही और सुरक्षित लैंडिगं करवाना।

## रक्कड़ कॉलोनी से बाइक चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला मुख्यालय के साथ लगते रक्कड़ कॉलोनी से बाइक चोरी होने का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोमदत्त निवासी बड़सर ने बताया कि शनिवार शाम को बाइक पर सवार होकर रक्कड़ कॉलोनी पहुंचा, जहां पर बाइक खड़ी करके एयरटेल टावर चैक करने लगा। वापिस आकर देखा, तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल पाया।

# स्वरोजगार तथा कौशल विकास के कई कार्यक्रम विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाए जा रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सरकार जहां विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लिए रोजगार सृजन एवं कल्याणकारी कार्यक्रम चला रहे हैं वही युवाओं के लिए स्वरोजगार तथा कौशल विकास के कई कार्यक्रम विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाए जा रहे हैं वहीं सरकार द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कई ऋण तथा अनुदान की कार्यक्रम भी चल रहे हैं।

जिला कुल्लू में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए कई युवा पर्यटन के क्षेत्र में अपना कौशल विकसित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से स्वरोजगार स्थापित कर अपने साथ-साथ अन्य युवाओं को भी कमाई के बेहतर अवसर प्रदान कर रहे हैं।मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के एक लाभार्थी बंजार की तीर्थन घाटी के रहने वाले रोबिन ठाकुर का कहना है उनके पिताजी आर्मी से सेवानिवृत्त हुए हैं इसके पश्चात उन्होंने हैं पिताजी के साथ मिलकर कैंपिंग का कार्य आरंभ किया।बंजार स्कूल से 12वीं कक्षा तक पढ़े रोबिन ने शिमला से स्नातक की पढ़ाई की तथा 2015 में इन्होंने होटल मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की।



3 साल तक बेंगलुरु में नौकरी करने के पश्चात 2020 में वापस अपने गांव आए लॉकडाउन लगने के बाद इन्होंने अपना यहीं पर व्यवसाय शुरू कर दिया, जिसके लिए इन्होंने जिला उद्योग प्रबंधक की ओर से स्वरोजगार के लिए 35 लाख का ऋण लिया जिससे उन्होंने गेस्ट हाउस का निर्माण किया 35 लाख पर इन्हें सरकार की तरफ से 10 लाख की सब्सिडी हासिल हुई। आज इनके पास गेस्ट हाउस में 13 कमरे उपलब्ध हैं।

उन्होने अपने साथ-साथ चार अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान किया है।

स्थानीय युवाओं को गाइड के रूप मेंए तथा मत्स्य पालन में भी अच्छी आमदनी कमाने का अवसर प्राप्त होता है। रोबिन के गेस्ट हाउस में आने वाले अतिथियों को भी रोबिन के गेस्ट हाऊस का वातावरण व आतिथ्य सत्कार बहुत रास आ रहा है।

# नीट की परीक्षा पास करने में भृगु ठाकुर हरनोड़ा क्षेत्र के पहले छात्र

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

कहते हैं कि मेहनत किसी की मोहताज नहीं होती, इस कहावत को हरनोड़ा के भृगु ठाकुर सपुत्र श्याम लाल ठाकुर ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके साबित कर दिखाया है। नीट की परीक्षा में इनका परसेंटाइल 97.51 रहा है। इस उपलब्धि से समस्त परिवारज, समस्त गांववासी व इलाकावासी बहुत खुश हैं। सभी ने भृगु ठाकुर को इस उपलब्धि के लिए बहुत शुभकामनाएं व बधाई दी है। भृगु ठाकुर ने इस उपलब्धि का श्रेय



अपने माता-पिता को दिया है। भृगु ठाकुर ने बताया कि वह अपने पिता को अपना रोल मॉडल मानते है। उनका बचपन से ही सपना और उद्देश्य रहा है कि वह एक सफल डॉक्टर बनकर जनता की सेवा करे। जोकि उन्होंने हाल ही में नीट की परीक्षा पास करके अपने सपने को पूरा करने की एक बेहतर शुरूआत की है। इस परीक्षा में सफलता पाने के लिए सोशल मीडिया यानी विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट से दूरी बनाई सिर्फ अपने विषय तक सीमित रहा और कोचिंग के साथ अपने रूटीन की पढ़ाई को जारी रखा। रोजाना सात आठ घंटे पढ़ाई करके उन्होंने यह सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी पढ़ाई का एक शेड्यूल बनाया था और सभी विषयों को बराबर समय दिया। परीक्षा से पहले अंतिम समय में रिवीजन पर ध्यान दिया और टारगेट सेट किया एजिसका परिणाम आज मेरे समक्ष है।

# मनोहर हत्याकांड को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

जिला के बहुचर्चित मनोहर की निर्मम हत्या कांड को लेकर शनिवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा उसके बाद पत्रकार वार्ता मैं इसका खुलासा भी किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लियाकत खान ने कहा कि मनोहर की निर्मम हत्या को अंजाम देते हुए तथा हैवानियत की सभी हदें पार करते हुए अपराधियों ने जो अपराध किया है उससे समाज का हर वर्ग स्तबध है तथा इसे जानकर हर वर्ग की भावनाओं का भडकना लाजमी है। उन्होंने कहा कि जिला चंबा का



अल्पसंख्यक वर्ग तथा मुस्लिम समाज इस अमानवीय घटना से बहुत अधिक दुखी तथा स्तबध है और इस कांड की कड़े शब्दों में निंदा करता है उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देने में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। खान ने कहा कि इस संदर्भ में एक प्रतिनिधिमंडल चंबा में बागवानी मंत्री जब सिंह नेगी से भी मिला था तथा उनसे भी आग्रह किया था की ऐसा कृत्य करने वाले दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री थे भी मांग की है कि इस हत्या के मामले को एनआईए अथवा सीबीआई को सौंपा जाए तथा इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि रियास्ती काल से ही जिला चंबा में हिंदू मुस्लिम भाईचारा एक अलग पहचान और मिसाल बनाए हुए हैं मगर जब किसी व्यक्ति विशेष द्वारा किसी भी तरह की घटना को अंजाम दिया जाता है तो कुछ बाहरी राज्यों या जिलों के लोग यहाँ आकर तथाकथित घटनास्थल क्षेत्रों में घुसकर पूरे मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां, देशद्रोही बोलना तथा धार्मिक व राजनीतिक ध्रुवीकरण करना व स्थानीय लोगों की भावनाओं को भडकाने का कार्य कर करते हैं जो न्याय संगत नहीं है इससे आपसी भाईचारे में जहर घुलता है ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए तथा उन पर अंकुश लगाना चाहिए ताकि स्थानीय लोगों का भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय का हर वर्ग यह चाहता है कि ऐसा घृणित कार्य करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा मिले चाहे वह फ ांसी की सजा क्यों न हो। इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष आरिफ मलिक पार्षद खालिद मिर्जा सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्राम स्तर तक फोर-जी नेटवर्क को पहुंचाने की परियोजना कार्य में लाएं तेजी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

बीएसएनएल के फ ोर-जी नेटवर्क को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रस्तावित परियोजना के लिए समस्त संबंधित विभाग शीघ्रता से प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाएं।यह बात आज उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने बीएसएनएल, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में कही।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक गांव को बीएसएनल के फ ोर-जी नेटवर्क से निर्धारित समय अवधि



के भीतर जोड़ा जाना है। उन्होंने बीएसएनल को स्थानीय ग्राम सभाओं, राजस्व तथा वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि यह परियोजना निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण की जा सके।उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस कार्य से सम्बन्धित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि आधुनिक सूचना तकनीक का लाभ आमजन को पहुंच सके।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जहां पर भूमि से संबंधित औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं वहां पर शीघ्र ही निर्माण शुरू किया जाए।

# हत्याकांड में दोषी लोगों को मिले सजा, मामला प्रदेश की सुरक्षा और सौहार्द से जुड़ा है: भाजपा



**इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
बिलासपुर नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय की बैठक जामा मस्जिद कमेटी के प्रधान हारूण मोहम्मद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चंबा के सलूणी में हुए जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंदा और भत्र्सना की गई, साथ ही सरकार से मांग की गई कि इस हत्याकांड में दोषी लोगों को फांसी पर लटकाया जाए ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरार्वृति न हो सके। वहीं प्रैस को जारी बयान में प्रधान हारूण मोहम्मद ने बताया कि इस दर्दनाक घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। पूरा मुस्लिम समुदाय इस घोर अपराध के विरूद्ध है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि सता छूटने के बाद तिलमिला, भाजपाईयों को सरकार को घेरने का मुद्दा मिल गया है। चूंकि मामला प्रदेश की सुरक्षा और सौहार्द से जुड़ा है लिहाजा भाजपा को इस संवेदनशील मसले पर राजनीति करने से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सैंकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर घटनास्थल पर इसलिए जा रहे हैं ताकि अपनी राजनीति को चमका सकें। ये मुस्लिम समुदाय या अन्य दलित समुदायों के कितने हितैषी है यह सब जानते हैं। इसलिए भाजपा नेताओं को घडि?ाली आंसू बहाने से परहेज करना चाहिए। हारूण मोहम्मद ने कहा कि यह देश संविधान पर चलता है। कानून इस मामले में भी अपना काम करेगा। लेकिन भाजपा नेता इसे मुद्दा बनाकर स्वयं को सुर्खियों में लाने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व पार्षद जमील खान ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज को शर्मसार करती हैं। उन्होंने मांग की है कि इस घटना की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होनी चाहिए ताकि दोषी को तुरंत फांसी हो सके। जमील खान ने कहा कि इस संवेदनशील मसले पर उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भी ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा ताकि न्याय में देरी न हो। इस बैठक बैरी दड़ोलां मत्स्य सहकारी सभा के प्रधान साबर दीन, पूर्व पार्षद वीर दीन, सेवानिवृत एसडीओ हबीब खान, सहित आदि मौजूद रहे।

# बासा में ड्रग अब्यूज पर सेमीनार

▶▶ दवाईयों के दुरुपयोग के खिलाफ 18 से 26 जून तक एक सप्ताह तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
दवाईयों के दुरुपयोग के खिलाफ 18 से 26 जून तक एक सप्ताह तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत रविवार को हिमाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस त्रिलोक सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से शिमला से की। 26 जून को इंटरनेशनल ड्रग अब्यूज डे मनाया जाएगा। जिसके तहत स्कूलोंए कॉलेजों और पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एक सप्ताह तक चलेंगे। विधिक सेवा समिति गोहर ने इस अवसर पर बासा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में सिविल जज गोहर डाक्टर पुष्प लता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नशा करने वालों के साथ सहानुभूति नहीं इलाज की जरूरत होती है। युवावर्ग में नशे के बढ़ते चलन पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे की सबसे अच्छी देखभाल माता करती है वह बच्चे की हर बात समझती इसलिए उसे सबसे पहले बच्चों के व्यवहार में आ रहे बदलावों का पता चलता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न शोधों और अध्ययनों से पता चला है कि शराब हिंसा की भावना को बढ़ा देती है।महिलाओं और बच्चों के खिलाफ घरेलू हिंसा के अधिकांश अपराध बंद दरवाजों के पीछे होते हैं। इसी तरह नशे की गिरफ्त में आए बच्चे गुनाह के रास्ते पर चल पड़ते हैं और कभी कभी गंभीर अपराध को अंजाम देते हैं। डाक्टर पुष्प लता ने शिविर में आए लोगों से नशे के खिलाफ जन सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया।

## डिप्टी सीएम मुकेश ने ज्योतिष पर शोध के लिए बेदी के प्रयासों को सराहा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हिमाचल अकादमी से पुरस्कृत जाने माने साहित्यकार गुरमीत बेदी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को ज्योतिष पर लिखी अपनी शोध पुस्तक एस्ट्रोलॉजी एक विज्ञान की प्रति भेंट की। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ज्योतिष विषय पर गुरमीत बेदी द्वारा साढ़े तीन दशक तक व्यापक शोध के बाद लिखी गई अपनी पुस्तक में इसे एक साइंस साबित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा ज्योतिष एक प्राचीन विज्ञान है , जिसमें ग्रह, नक्षत्र और खगोलीय पिंडों के बारे में बहुत सटीक गणनाएं करके प्रामाणिक जानकारियां दी गई हैं।

# बढ़ रहे नशे को खत्म करने के लिए प्रहरी बन कर पहल करें: कथानिया

▶▶ शिक्षकों के साथ ही समाज के हर व्यक्ति को इस बारे में सजग रहना होगा तभी हम कामयाब हो सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
डीएवी आर डब्ल्यू हाई पब्लिक स्कूल बरमाना में बच्चों को एसएचओ इंस्पेक्टर रूप लाल कथानिया ने नशा विरोधी व यातायात नियम उल्लंघन आदि जागरूकता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बच्चों से बढ़ रहे नशे को खत्म करने के लिए प्रहरी बन कर पहल करने को कहा। तभी स्वस्थ समाज के लिए बच्चों का नशामुक्त होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक एसपी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन के नेतृत्व में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में छात्र-छात्राएं भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि इस अभियान को पूरी तरह से सफल बनाया जा सकें। बच्चे कल के कर्णधार हैं। इसलिए उनको हर हाल में नशे से दूर रखना होगा तभी हम स्वस्थ समाज की कल्पना कर सकते हैं। नशा युवा वर्ग के सिर चढ़ कर बोल रहा है। हालांकि, नशे की लत सभी आयु वर्ग में लग सकती हैए लेकिन किशोरावस्था उम्र का वह पड़ाव होता है, जब नशे की लत आसानी से गिरफ्त में ले लेती है। जब नशा पूरी तरह से हावी हो जाता है और घर से मिलने वाला जेब खर्च कम पड? लगता है तो वह नशे की अंधेरी गलियों में तस्करी करने उतर जाते हैं। जिसका अंजाम असमय मौत या फि र जेल के रूप में सामने आता है।इसके लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। माता-पिता के अलावा पड़ोसियों, शिक्षकों के साथ ही समाज के हर व्यक्ति को इस बारे में सजग रहना होगा तभी हम कामयाब हो सकते हैं। यह सब करने से पहले हमें खुद भी नशे से दूर रहना होगा। नशे से सिर्फ बच्चे का ही भविष्य नहीं बल्कि पूरा परिवार बर्बाद होता है। आज हम यह प्रण लें कि किसी को भी नशा नहीं करने देंगे। इस दौरान उन्होंने जिला में 26 जून तक प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नशा मुक्त हिमाचल के तहत नशा मुक्त बिलासपुर चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने की कुटलैहड़ दियां गल्लां कार्यक्रम की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
हम जिस क्षेत्र में रहते हैं वह कैसे बना, उसका समाजिक, आर्थिक व भौगोलिक रूप क्या था, इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को होती है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने एक अलग सोच के साथ कुटलैहड़ के लोगों को कुटलैहड़ की वास्तविकता से रूबरू करने लिए रविवार से एक कुटलैहड़ दियां गल्लां की शुरूआत की। पूर्व मंत्री ने बताया कि राजनीति से अलग हटकर जनता जिसमें खासकर युवाओं को अपने क्षेत्र की जानकारी होना जरूरी है। कुटलैहड़ पहले कैसा था और आज का कुटलैहड़ कैसे बना, इन सब बातों से जुड़े रोचक किस्से, तथ्य, कहानियां, इतिहास आदि इतिहासकरों व जनता से जानकर जनता तक सरल रूप से पहुंचाने के मन्तव्य के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनता के बीच कुटलैहड़ के विभिन्न स्थानों पर हर महीने एक नए विषय व नई रोचक जानकारी के साथ प्रसारित किया जाएगा। कुटलैहड़ के किसी भी हिस्से में रहने वाले व्यक्ति को पूरे कुटलैहड़ की जानकारी इस कार्यक्रम के तहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि समय व जरूरत के अनुसार जनता के सुझावों के साथ इस कार्यक्रम में बदलाव भी किए जाएंगे। कुटलैहड़ दियां गल्लां कार्यक्रम पूरी तरह से केवल कुटलैहड़ के लोगों के लिए समर्पित है।

### सुशील कालिया ने जिप बैठक में उठाया सडकों की दुर्दशा का मामला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
भंजाल जिला परिषद के उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले सुशील कालिया एक्शन मोड़ में दिख रहे हैं और लगातार समस्याओं को जिला परिषद की बैठकों में उठाकर उनका समाधान अधिकारियों से मांग रहे हैं। रविवार को मीडिया से रु ब रु होते हुए सुशील कालिया ने बताया कि उन्होंने पिरथीपुर पुल से मुहल्ला फकूटी का मामला जिला परिषद बैठक में उठाया था, जिसके लिए अब बजट स्वीकृत हो चुका है और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भंजाल वार्ड के अंतर्गत खस्ताहाल सडको क्रमशः दौलतपुर चौक से बाया भद्रकाली सूंकाली सडक, बनेहड़ा लोअर से घनारी संपर्क, भंजाल से कड़/जीतपुर बेहड़ी सडक, बनेहड़ा अप्पर से बनेहड़ा लोअर, डंगोह खास हरिजन बस्ती संपर्क सडक, डंगोह खुर्द से अभयपुर/ भद्रकाली संपर्क सडक एवं डंगोह खास की सेठां, योगियां वेहली संपर्क सडक का मामला उठाया और शीघ्र इन सडकों अपग्रेड करने अथवा पेच वर्क करने की मांग रखी, ताकि ऊबडखाबड़ सडको से वाहन चालको को आ रही दिक्कतों से निजात मिल सके। इसके इलावा उन्होंने गोंदपुर बनेहड़ा लोअर में मुहल्ला कबीरपंथी एवं भंजाल अप्पर के मुहल्ला कुएं वाले में डिम लाइट/कम वोल्टेज का मुद्दा उठाया और ऊक्त मुहल्लों में थ्री फेस की सुविधा मांगी।

### न्यूगो दे रहा है यात्रियों को बेमिसाल सफर का अनुभव

**शिमला:** ग्रीनसेल मोबिलिटी की ओर से भारत का सबसे बड़े प्रीमियम इलेक्ट्रिक बस ब्रांड, न्यूगो, यह सुनिश्चित करता है कि इस बस में सफर करने वाले यात्रियों को फ्लाइट में सफर करने जैसा अनुभव मिले। न्यूगो यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ एकदम नए जमाने की टेक्नोलॉजी और बेमिसाल सेवाओं पर बल देते हुए, सफर की शुरूआत से लेकर अंत तक ग्राहकों की संतुष्टि को सबसे ज्यादा अहमियत देता है। न्यूगो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में सबसे आगे है, जिसका उद्देश्य यात्रियों की सहूलियत और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बिना शोर-गुल वाले, पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक बसों की पेशकश के माध्यम से लोगों के आवागमन के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना है।न्यूगो ने सफर को आरामदेह बनाने के लिए सभी चीजों को एक समान अहमियत देते हुए अपने ग्राहकों का भरोसा कायम रखा है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाए गए हैं, क्योंकि यही ब्रांड की सबसे पहली प्राथमिकता है। इसलिए हर बार बस को रवाना किए जाने से पहले 25 इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल जाँच की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बसें सफर के लिए सबसे बेहतर स्थिति में हैं। इसके अलावा, बस और उसके ड्राइवरों पर हमेशा नजर रखने के लिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम की सुविधा भी लगाई गई है।

# क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर करें तुरंत पुलिस को कॉल

## चौकी प्रभारी जोल रूप कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों संग की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस चौकी जोल के अंतर्गत आती ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से रविवार को नए पुलिस चौकी इंचार्ज ने बैठक की। चौकी इंचार्ज ने जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सही तरीके से सुद्दढ़ किए जाने के लिए विचार विमर्श किया गया। चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रूप कुमार ने कहा कि क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग बहुत ही जरूरी है।

इसी के चलते सबसे पहले क्षेत्र में नशे को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति उनकी जीरो टॉलरेंस नीति रहेगी और नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने नाबालिग बच्चों को चलाने के लिए वाहन न दें और सभी दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा की यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति क्षेत्र में दिखता है, उसके बारे में शीघ्र पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस हर समय पूरी मुस्तैदी के साथ हर नागरिक और उसके जानमाल के लिए रक्षा के लिए वचनबद्ध है।

इस अवसर पर बैरिया पंचायत प्रधान सुखदेव सिंह, चौली प्रधान बलवीर सिंह, उप प्रधान विकास शर्मा, प्रधान इकबाल सिंह, चौकी खास प्रधान संजय कुमार, उप प्रधान जीवन बाली, बडूही प्रधान जगदीश चंद, उपप्रधान नेक मोहमद, टकोली उप प्रधान पंकज रनौत, खरयालता प्रधान राकेश धीमान, पंकज शर्मा, तरुण सागर, हेड कांस्टेबल शशि कुमार, सनी ठाकुर व रविंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बाथू की लड़ी के गहरे पानी में डूबने से दो युवकों की मौत

**फतेहपुर विजय समयाल**
पुलिस थाना जवाली के अधीन पौंग झील के बीच स्थित बाथू दी लड़ी में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई है। मृतकों की पहचान रजत (23) पुत्र अशोक कुमार व अमित कुमार (26) पुत्र जुगल किशोर निवासी दौलतपुर के रूप में हुई है। रजत लोक निर्माण विभाग में कार्यरत था तथा अमित कुमार आर्मी में था। दोनों ही युवक अपने अन्य दोस्तों के साथ पांडवों द्वारा निर्मित बाथू दी लड़ी को देखने के लिए मोटरसाइकिलों के द्वारा आए थे कि बाद दोपहर रजत व अमित कुमार पौंग झील में नहाने के लिए चले गए। पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण गहरे पानी में जाने से डूब गए।

# बीमा पॉलिसीज पर जीएसटी को खत्म करे सरकार




**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उत्तर क्षेत्र बीमा कर्मचारी संगठन शिमला मंडल की जनरल बॉडी की बैठक रविवार को ऊना मुख्यालय स्थित नटराज पैलेस में संपन्न हुई। बैठक में उत्तर क्षेत्र बीमा कर्मचारी संगठन के महामंत्री नवीन चंद व अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने विशेष रुप से शिरकत की। कार्यक्रम में प्रदेश भर से एलआईसी कंपनी के 250 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। उत्तर क्षेत्र बीमा कर्मचारी संगठन के महामंत्री नवीन चंद ने एलआईसी के समक्ष आ रही चुनौतियों से निपटने बारे टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने लक्ष्य हासिल करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बीमा पॉलिसीज पर ली जा रही जीएसटी को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आयकर छूट के लिए धारा 80 सी में बीमा प्रीमियम के लिए अलग सीमा तय की जाए। इसके अलावा 1-8-22 से लंबित मांग पत्र पर वार्ता की जाए। उन्होंने कहा कि फैमिली पैंशन 30 प्रतिशत की जाए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय जीवन बीमा निगम केंद्र सरकार द्वारा जीवन बीमा निगम पर प्रतिकूल फैसलों का कड़ा विरोध करेगा।

# श्री गुरू रविदास महासभा के पांचों ब्लॉक का चुनाव 31 को



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
विश्राम गृह ऊना में रविवार को हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास महासभा की बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक की अध्यक्षता महासभा की जिलाध्यक्ष शकुंतला संधू ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने सर्वप्रथम भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह के भव्य आयोजन में दिए गए सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। बैठक में जिला इकाई के पांचों ब्लॉकों के चुनाव 31 जुलाई को करवाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष शकुंतला संधू ने बताया कि जिला के पांचो ब्लॉकों के चुनाव को लेकर ब्लॉक वाइज अधिसूचना जल्द ही जारी कर दी जाएगी। अक्टूबर तक जिला कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न करवाएं जाएंगे। जिलाध्यक्ष ने समाज के सभी सदस्यों से इस चुनावी प्रक्रिया को शांति पूर्वक संपन्न करवाने के लिए अपील की। इस अवसर पर सभा के महासचिव बलदेव सिंह, बाबू जगजीवन राम अखिल भारतीय समता आंदोलन पंजाब व हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष डॉ केआर कार्य, किसान योद्धा रुडका सिंह कमेटी के अध्यक्ष बलबीर सिंह, अधिवक्ता नरेश कुमार सैंसोवाल, ऊना ब्लॉक अध्यक्ष संजय भाटिया, महासचिव बलराम महे, सेवानिवृत शिक्षा उपनिदेशक मदन लाल, डॉ नरेश कतनोरिया, कुलविंदर कौर व सुलिंदर चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस ने बिलासपुर शहर में निकाली भारत जोड़ो यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर की अगुवाई में आज बिलासपुर शहर में भारत जोड़ो यात्रा निकाली ।आशीष ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा भारतीय युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आहवान पर पूरे देश के अंदर जिला वार 16 जून से 18 जून तक निकाली गई। केंद्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार व नियंत्रण पाने पर पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल के दामों में आये दिन जिस तरह बेतहाशा वृद्धि हो रही है। उससे आम जनमानस में केंद्र सरकार के प्रति रोष है। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी ने युवाओं के साथ वायदा किया था कि जैसे ही भाजपा सत्तासीन होगी हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार मुहिया करवाया जाएगा। पर आज स्थिति उसके बिल्कुल विपरीत बनी हुई है। केंद्र में भाजपा सरकार को बने हुए 9 वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है पर आज भी युवाओं के पास रोजगार के संसाधन नही है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा का आगाज पूरे देश मे किया गया। उससे भाजपा का सच आम जनता तक पहुंचा है। उसके परिणाम स्वरूप हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक की जनता ने भाजपा का तम्बू उखाड़ दिया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जैसे ही सत्ता संभाली वेसे ही पहली कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन बहाल करने का निर्णय लिया। जिस तरह मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश को कर्ज मुक्त करने के लिए प्रयासरत है उससे मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का पता चलता है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा के चुनावों में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटों पर कांग्रेस कब्जा करेगी और केंद्र में पुनः कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। इस मौके पर प्रदेश महासचिव एवं जिला बिलासपुर युवा कांग्रेस प्रभारी दिनेश पटियाल व प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव अंकुश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला युंका महासचिव नरेश कुमार, जिला युंका महासचिव पंकज ठाकुर, जिला युंका सचिव अनिल कश्यप, सदर युंका अध्यक्ष वीरेंद्र सन्धु, झंडूता युंका अध्यक्ष कपिल गौतम, सहित आदि उपस्थित रहे।

# बीपीएस स्कूल जोगिंद्रनगर में नई पीटीए का गठन



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में रविवार को पीटीए की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से जमा दो के अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। स्कूल प्रबंधन समिति, स्टाफ व अभिभावकों ने बैठक की शुरूआत ओम के उच्चारण व गायत्री मंत्र से की। स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह व प्रधानाचार्य ओपी ठाकुर की अध्यक्षता में पुरानी पीटीए कार्यकारिणी को भंग करके नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें भास्कर गुप्ता को प्रधान, ममता को उपप्रधान की कमान सौंपी गई। इसके अलावा रचना ठाकुर, दीपक कश्यप, संजय राणा, मृदु भारद्वाज व उमा शर्मा को अभिभावकों की और से सदस्य चुना गया वहीं अध्यापकों में उपप्रधानाचार्या लता राणा वनरेश लैक्चरर मैथ को पीटीए कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। चेयरमैन ओम मरवाह ने स्कूल में चल रही स्व. लेट कल्याण चंद सूद स्कॉलरशिप बारे भी अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी।

# शिल्पा शेट्टी के घर पर हुई चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया





मुंबई पुलिस ने यहां जुहू में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के घर मेंअनाधिकार प्रवेश कर कथित रूप से चोरी करने में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों ही आरोपी आदतन चोर हैं, लेकिन शिल्पा के घर से वास्तव में क्या चुराया गया है, इसका पता किया जाना बाकी है, क्योंकि अभिनेत्री फिलहाल विदेश में हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, '' यह घटना तब सामने आयी जब अभिनेत्री के बंगले 'किनारा' का रखरखाव प्रबंधक चोरी एवं घर में अनधिकार प्रवेश की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा।

' उन्होंने कहा कि शिकायत के अनुसार मई के आखिर से इस बंगले में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है तथा अभिनेत्री 24 मई को अपने परिवार के सदस्यों के साथ विदेश गयी थीं। उन्होंने कहा, '' जब छह जून को आवास रखरखाव प्रबंधक अभिनेत्री के बंगले पर पहुंचा तब उसने हॉल, भोजन कक्ष और 'मास्टर' बेडरूम में चीजें बिखरी देखीं। शेट्टी की बेटी के बेडरूम में आलमारी खुली थी और चीजें बिखरी थीं।'' पुलिस के अनुसार उसके बाद प्रबंधक ने बंगले में लगे सीसीटीवी को देखा।

क वीडियो में मास्क लगाया एक अज्ञात व्यक्ति खिड़की से अंदर आते हुए और चीजें चुराने की कोशिश करता हुए नजर आया। अधिकारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर भादंसं की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा, '' पुलिस ने शेट्टी के बंगले तथा आसपास में लगे 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और फिर उसकी नजर संदिग्धों पर अटकी। उपलब्ध सबूत के आधार पर दो व्यक्ति विले पार्ले से पकड़े गये हैं।'' उनके अनुसार पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और जांच जारी है।

## मसाबा गुप्ता के एक्स हसबैंड Madhu Mantena ने शादी के बाद बदला नाम, लगाया पत्नी इरा का सरनेम



शादी के बाद ज्यादातर महिलाएं अपने पति का सरनेम अपने नाम के आगे जोड़ लेती हैं। बॉलीवुड में भी कई अभिनेत्रियों ने ऐसा किया है और कुछ ने नहीं। हालांकि, शायद ही किसी मेल स्टार ने अपने नाम के आगे वाइफ का सरनेम लगाया है, लेकिन हिंदी सिनेमा के मशहूर फिल्म निर्माता मधु मंटेना (Madhu Mantena) ने इस नियम को बदल दिया है। उन्होंने अपने नाम के आगे अपनी पत्नी का सरनेम लगाया है।

**मधु मंटेना ने बदला अपना नाम**

मधु मंटेना ने शादी के बाद अपने नाम के एक और सरनेम इस्तेमाल किया है, जो उनकी वाइफ का है। मधु मंटेना ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर मधु मंटेना त्रिवेदी लिखा है। यही नहीं, इरा ने भी अपने नाम के आगे पति का सरनेम लगाया है। उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर इरा त्रिवेदी मंटेना लिखा हुआ है। मधु मंटेना के इस कदम की हर ओर चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर कई लोग मधु की तारीफ कर रहे हैं।

**कौन हैं मधु मंटेना की दूसरी पत्नी ?**

मधु मंटेना ने 11 जून 2023 को इरा त्रिवेदी से शादी की थी। शादी के बाद कपल ने एक ग्रैंड वैडिंग रिसेप्शन होस्ट किया था, जहां आमिर खान से लेकर ऋतिक रोशन तक बी-टाउन से जुड़े कई सेलेब्स ने शिरकत की थी। मधु की ये दूसरी शादी है। उनकी पत्नी इरा योगा एक्सपर्ट और राइटर हैं।

बता दें कि, मधु मंटेना की पहली शादी फैशन डिजाइनर और नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता (Masaba Gupta) के साथ हुई थी। साल 2015 में मसाबा और मधु शादी के बंधन में बंधे थे, लेकिन 4 साल बाद उनका रिश्ता टूट गया था और 2019 में उन्होंने तलाक ले लिया था।

**पत्नी के साथ हनीमून मना रहे मधु मंटेना**

शादी के बाद मधु मंटेना और उनकी वाइफ इरा मालदीव में हनीमून एन्जॉय कर रहे हैं। मधु ने अपनी लेडी लव की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक तस्वीर के साथ मधु ने कैप्शन में लिखा- अब मैं कह सकता हूं कि मेरी पत्नी उतनी ही खूबसूरत है, जितना मालदीव। मधु ने पत्नी की योगा करते हुए भी कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसके साथ उन्होंने लिखा- मैं अपनी पत्नी को दिखा रहा हूं।

बता दें कि, मधु मंटेना की फिल्म रामायण चर्चा में है। नितेश तिवारी इस मूवी को डायरेक्ट करेंगे। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का नाम राम-सीता के किरदार के लिए सुर्खियों में है।

## India Best Dancer 3: अरुणा ईरानी ने मेरी बेरी के बेर मत तोड़ो गाने पर 76 की उम्र में जमकर लगाए ठुमके



सदाबहार एक्ट्रेस अरुणा ईरानी जल्द इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3 में बतौर खास मेहमान नजर आने वाली है। इस अवसर पर उन्होंने सुपरहिट गाने मेरी बेरी के बेर मत तोड़ो पर डांस किया है। उनका यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है। इसमें उन्हें स्टेज पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। डांस खत्म होने के बाद सभी जजेस खड़े होकर स्टैंडिंग ओवेशन देते नजर आए।

इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3 क्या टेलीविजन का पसंदीदा शो है?

इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3 टेलीविजन का पसंदीदा शो है। यह शो 8 अप्रैल से शुरू हुआ है और दर्शक इसे पसंद करने लगे हैं। इसमें कई उभरते डांसरों को अपनी शानदार डांस से लोगों का दिल जीतते हुए देखा जा सकता है। इसमें बॉलीवुड, कंटेंपरेरी, हिप-हॉप, लिरिकल, ब्रेकिंग, इंडियन क्लासिकल जैसे डांस फॉर्म दिखाए जाते हैं।

**अरुणा ईरानी किस फिल्म के गाने पर डांस करती नजर आई है ?**

इस बीच वीडियो में अरुणा ईरानी को अपने सुपरहिट गाने मेरी बेरी के बेर मत तोड़ो पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। यह उनकी फिल्म अनोखी रात का गाना है। सभी लोग उनकी डांसिंग देखकर दंग रह गए। कई लोगों ने उनकी डांस की प्रशंसा की। कई प्रतियोगियों और कोरियोग्राफर्स ने स्टेज पर आकर उन्हें सैल्यूट दिया है।

**इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3 कौन जज करता है ?**

इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3 गीता कपूर, टैरेंस लुईस और सोनाली बेंद्रे जज कर रहे हैं। वहीं, इसे जय भानूशाली होस्ट कर रहे हैं। यह सोनी टीवी पर शनिवार और रविवार रात 8:00 बजे आता है। इसमें कई प्रतियोगी भाग ले रहे है। सभी के बीच कड़ा मुकाबला है। इसमें कई प्रकार के डांस फॉर्म फैंस को देखने मिलते है।

# वाणी कपूर का हुआ पत्ता साफ! टाइगर श्रॉफ भी हुए साइड? ऋतिक रोशन को मात देगा साउथ का सुपरस्टार



ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'वॉर' साल 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है. इस फिल्म में जहां पहली बार ऋतिक-और टाइगर को एक दूसरे के अपोजिट देखा गया था, वहीं दोनों सितारों का एक्शन देख हर कोई उनका फैन बन गया था. इसके साथ ही यह फिल्म भारत ही नहीं विदेशो में खूब पसंद की गई थी. बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन करने वाली इस फिल्म का फैंस लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं.फिल्म के सीक्वल यानी 'वॉर 2' के लिए मेकर्स काफी पैसे भी खर्च कर रहे हैं. हालांकि अब फिल्म को लेकर जो नए अपडेट सामने आए हैं उसे देख



फिल्म के फैंस को एक बार जरूर झटका लगेगा. खबर है कि आने वाले सीक्वल की कास्ट में काफी कुछ बदलाव देखने को मिलेगा.गौरतलब है कि साल 2019 में आई वॉर फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था. हालांकि 'वॉर 2' को अयान मुखर्जी डायरेक्टर करने वाले हैं. फिल्म में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के वाणी कपूर लीड रोल में देखी गई थीं. हालांकि नई रिपोर्ट की मानें तो अब टाइगर की जगह टाइगर श्रॉफ और वाणी की जगह कियारा ने ले रही है.पिंकविला की नई रिपोर्ट की मानें तो 'वॉर 2' वाणी की जगह कियारा आडवाणी और टाइगर की जगह साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर को देखने को मिलेगा. रिपोर्ट्स के अनुसार, कियारा-एनटीआर फिल्म में अहम भूमिका निभाते हुए देखे जाएंगे. हालांकि फिल्म में इनका क्या रोल प्ले करेंगे इस बारे में अभी तक कोई नई जानकारी सामने नहीं आई है.

स्पाई यूनिवर्स की सभी एक्ट्रेसेस ने भारतीय सिनेमा पर एक अद्भुत छाप छोड़ी है. अब लिस्ट में कियारा का नाम भी शामिल होने वाला है. अब देखना होगा कि कियारा अपनी नई पारी में वॉर 2 के जरिए दर्शकों पर क्या छाप छोड़ने वाली हैं.

अगर खबर सच है तो ले कैटरीना कैफ- दीपिका पादुकोण के बाद अब कियारा स्पाई यूनिवर्स की तीसरी लीडिंग लेडी होंगी. बता दें कि कैटरीना सलमान की फिल्म टाइगर के लिए फेमस हैं, जबकि दीपिका शाहरुख खान की फिल्म पठान के बाद अपनी एक मजबूत पकड़ बना चुकी हैं.

